प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
06.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को ज्ञान, कौशल और नवाचार के साथ आगे बढ़ाने पर बल दिया है। राज्यपाल ने आज हिमाचल डैंटल कॉलेज सुंदरनगर के वार्षिक समारोह को सम्बोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि दंत स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण आधार है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े युवाओं की नैतिक जिम्मेदारी है। कविन्द्र गुप्ता ने विद्यार्थियों से अपने पेशे में उत्कृष्टता के साथ–साथ सेवा, संवेदनशीलता और नैतिकता को भी जीवन का हिस्सा बनाने का आहवान किया। राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। इस दौरान राज्यपाल ने महाविद्यालय की आधुनिक नई डैंटल वैन सेवा का शुभारम्भ भी किया।

नामांकन वापिस

प्रदेश के 4 नगर निगमों धर्मशाला, मण्डी, पालमपुर और सोलन सहित 47 शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन था। सोलन नगर निगम सहित जिले की दो नगर परिषदों परवाणु व नालागढ़ और नगर पंचायतों अर्की व कंडाघाट में आज 34 प्रत्याशियों ने अपने–अपने नामांकन वापिस लिए। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि अब इन चुनावों में कुल एक सौ 21 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। उधर मण्डी नगर निगम के बैहना वार्ड में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय सहित सभी प्रत्याशियों ने अपने–अपने नामांकन पत्र वापिस ले लिए। इसके साथ ही इस वार्ड में चुनाव प्रक्रिया फिलहाल टल गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मण्डी जिला संवाददाता..........

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में हो रही बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों व बागवानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि बारिश व ओलावृष्टि से सेब की फसल को ही शुरुआती आंकलन के मुताबिक 40 फ़ीसदी नुकसान हो चुका है। रोहित ठाकुर ने कहा कि मौसम में आए इस बदलाव से सेब ही नहीं बल्कि अन्य फलों व फसलों को भी नुकसान हुआ है।

भाजपा बैठक

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनाव को लेकर आज शिमला में एक बैठक आयोजित की। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हर चुनावी हार के बाद ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस की राजनीतिक आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और अन्य राज्यों में भाजपा की विजय जनता का स्पष्ट और लोकतांत्रिक जनादेश है। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार से जनता पूरी तरह निराश हो चुकी है और विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों में भाजपा की जीत होगी।

एल.पी.जी. आपूर्ति

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर में घरेलू एलपीजी वितरण सामान्य रूप से जारी है और किसी भी एलपीजी वितरक के यहां आपूर्ति में कमी की कोई खबर नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में बताया कि पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार खाना पकाने के लिए घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को शत प्रतिशत और व्यावसायिक सिलेंडर उपभोक्ताओं को 70 प्रतिशत तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।